Corona awareness programme

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी।
कोरोना जागरुकता अभियान
02 गज की दूरी, रखना है जरूरी
कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा
मास्क लगाये, कोरोना से बचे
सामाजिक दूरी बहुत है जरूरी
जब तक कोरोना की दवाई नहीं तब तक किसी तरह ढिलाई नहीं

हाट–बाजारों में चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

कोरोना की रफ्तार कम करने के लिए रेडक्रास सोसायटी द्वारा हाट बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी कई गांवों के बाजारों में अभियान चलाया गया, जिसमें सब्जी विक्रेताओं को 2 गज दूरी और मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया गया।

जिले में कोविड–19 वैश्विक महामारी के नियंत्रण कलेक्टर जेपी मौर्य के निर्देश पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 18 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के सहयोग से रत्नाबांधा, मुजगहन, पोटियाडीह, सोरिद सहित विभिन्न ग्राम पंचायत एवं हाट–बाजारों में कोरोना जागरूकता . अभियान चलाया गया, जिसके तहत सब्जी विक्रेताओं एवं जन–सामान्य को 2 गज की दूरी मेंटेन करने, मास्क पहनने, हाथ धुलाई, सेनिटाइज को लेकर जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक कु. प्राची शर्मा, तोषण साहू, महेन्द्र साहू, सहित अन्य स्वयंसेवकों द्वारा अपने–अपने ग्राम पंचायतों एवं हाट–बाजारों में कोरोना जागरूकता का संदेश निरंतर दिया जा रहा है।

स्वच्छता एवं स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमर सिंह साहू एवं डॉ. राकेश साहू, रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. वेदवती देवांगन एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एनएसएस एवं रेडक्रॉस के सहयोग से जिले में जन–सामान्य को कोरोना से बचाव एवं सुरक्षित रहने हेतु निरंतर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा।

कि मुजगहन लोहरसी मार्ग ... समय से अटका हुआ ... दीवाली मिल समारोह ... गोवर्धन पूजन किया गया। ... उपसरपंच पोखराज ... अमरसिंह पटेल, अशोक

किसानों ... सिंचाई पानी छोड़ने का इंतजार रहेगा। मशीन का उपयोग किया। हार्वेस्टर तेजी से धान फसल की कटाई मिंजाई कर ली। शुरु होगी। किसानों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है।

मास्क लगाओ और जीवन बचाओ का संदेश

ग्राम मुजगहन के हाटबाजार में कोरोना जागरूकता रैली निकालते रासेयो के छात्र। ● कालेज

Scanned with CamScanner